SHIV OM SAI PRAKASHAN

95/3 Vallabh Nagar, Indore-03 (M.P.) India T: +91 731 4225754, 2530217

उपन्यास 'काशी मरणान्मुक्ति' के द्वितीय संस्करण का विमोचन श्री शशि थरूर द्वारा किया गया।

उपन्यास 'काशी मरणान्मुक्ति' के द्वितीय संस्करण का विमोचन श्री शशि थरूर द्वारा किया गया. इस अवसर पर पुस्तक के लेखक श्री मनोज ठक्कर एवं सुश्री रश्मि छाजेड़ एवं पुस्तक के प्रकाशन संस्थान "शिव ॐ साईं प्रकाशन" के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे. इस अवसर पर श्री थरूर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की: ....

हिन्दू अध्यात्म एवं दर्शन पर आधारित यह कथा मानव की मोक्ष यात्रा की अभिव्यक्ति है, जिसमें गुरु के आशीष से
माया के अनेकों अवरणों को पार करता मानव, अन्तःकरण में प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ के दर्शन पा, पशु से

पशुपति हो जाता है| कथा
इस पावन भूमि पर अवतरित हुए कबीर, तुलसीदास, बुद्ध आदि संतों द्वारा प्रतिपादित जीवन-ज्ञान को आत्मसात कर, एक अभिनव रूप में अभिव्यक्त करती है|

आध्यात्म एवं दर्शन पर आधारित कथा, 'काशी मरणान्मुक्ति' का विमोचन वर्ष २०१० में टाइम्स समूह की अध्यक्षा, श्रीमती इंदु जैन द्वारा, एक निजी आयोजन में नई दिल्ली स्थित उनके आवास-स्थल में किया गया था। उपन्यास को श्री नारायण मूर्ति, प्रसिद्द लेखक श्री काशीनाथ सिंह जी, श्री श्रीकांत उपाध्याय आदि अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सराहना प्राप्त हुई। पुस्तक के विमोचन के पश्चात, मात्र ५ माह में ही प्रथम संस्करण की सभी प्रतियों का बिक जाना, हिंदी साहित्य के क्षेत्र में एक उपलब्धि होने के साथ-साथ, पुस्तक की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है। पुस्तक के क्रय से हुई आय की सम्पूर्ण राशि को समाज-सेवा में लगाने की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए प्रकाशन संस्थान 'शिव ॐ साईं प्रकाशन' राशि का उपयोग समाज-कल्याण की दिशा में किये गए अनेक प्रयासों के माध्यम से कर रहा है।